उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर।

सं. 740ई/आरआरसी/जीडीसीई/अधिसूचना/2023

दिनांक 09.05.2023

महत्वपूर्ण सूचना

सर्व सम्बन्धित,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

विषय :–जीडीसीई के तहत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आंशिक संशोधन हेतु एक अवसर दिए जाने के क्रम में ।

सन्दर्भ :– इस कार्यालय द्वारा जारी जीडीसीई अधिसूचना संख्या 01/2023 दिनांक 24.03.2023।

–0000–

उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर पर सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (जीडीसीई कोटे) के विरूद्व सहायक लोको पायलट, पे लेवल–2 के पद की 238 रिक्तियों को भरने हेतु रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा जीडीसीई अधिसूचना संख्या 01/2023 दिनांक 24.03.2023 को जारी की गई थी। उक्त अधिसूचना के तहत ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथि दिनांक 07.04.2023 (समय 10 बजे) एवं अन्तिम तिथि 06.05.2023 (समय 23.59 बजे) तक निर्धारित थी।

उक्त अधिसूचना के तहत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आंशिक संशोधन करने के लिए दिनांक 11.05.2023 (समय 00.00 बजे) से दिनांक 13.05.2023 (सांय 23.59 बजे) तक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें कर्मचारी आईडी संख्या, कर्मचारी का नाम, जन्म तिथि एवं मोबाईल नम्बर को छोड़कर अन्य सभी विवरण में ऑनलाइन आंशिक संशोधन हेतु एक अवसर दिया जा रहा है। साथ ही कर्मचारी ने यदि कर्मचारी सेवा प्रमाण पत्र (अनुलग्नक– I) भी गलत/त्रुटिपूर्ण अपलोड कर दिया है तो वह भी पुनः सही अपलोड किया जा सकता है। इसके पश्चात् ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा तथा ना ही भविष्य में किसी प्रकार का पत्राचार स्वीकार किया जाएगा।

अधिसूचना की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

कृपया सभी अभ्यर्थी नोट करें।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

प्रतिलिपि :– महासचिव – NWREU, UPRMS, SC/ST/OBC Association.